RAF SECTOR
NEWS CLIP
11/11/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Anant News, Jaipur(RJ)

रैपिड एक्शन फोर्स ने साइबर क्राइम से बचाव के लिए लोगो को किया जागरूक

अनंत न्यूज राजस्थान

जयपुर। राजधानी जयपुर के आमेर लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। केन्दीय गृह मंत्रालय के आदेशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमाण्डेन्ट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में साइबर क्राइम से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया गया। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के उप कमांडेंट कमल सिंह मीना ने जमवारामगढ़ के ग्राम नोनपुरा में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर साइबर क्राइम और साइबर ठगी से बचाव और सतर्कता की जानकारी दी। उप कमांडेंट कमल सिंह मीणा ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों को साईबर काईम या धोखाधड़ी का शिकार बनाया जाता है। एटीएम या क्रेडिट कार्ड के ब्लॉक के लिये फेक कॉल आती है। जिसमें आपसे आपकी डिटेल और ओटीपी मांगते है। फेक साईट के ऐड को क्लिक करने से भी आपके अकाउन्ट को हैक कर सकते है। साथ ही लॉटरी और स्किम का लालच देकर पहले एडवांस मांगकर फिर गायब हो जाना, सीम कार्ड बन्द हो गया इसको दुबारा चालु करवाने के लिए आपसे डिटेल मांगना आदि फ्रॉड कॉल से बचने के लिये जानकारी दी गई। और ग्रामीणो को जागरूक किया गया।

इसके अलावा ग्राम नोनपुरा में लगाये गये पौधो की निराई गुढ़ाई करके पानी देकर लगाये गये पौधो में से नष्ट हुये पौधो के स्थान पर नये पौधे लगाये गये। साथ ही ग्राम के निवासियों को पौधो के सरंक्षण के बारे में जागरूक किया गया। कोविड-19 से बचाव करने के लिये ग्रामीणो को जागरूक किया गया और सामाजिक दूरी बनाये रखने और मास्क पहनने के लिये बताया गया। कार्यक्रम के दौरान रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारियों और जवानों के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।